05.02.25

**बिहार सरकार**

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

**पत्रांक – वि० प्रा० (II) नियुक्ति–24 / 2022 /** 617 **/ पटना, दिनांक–** 05.02.25

प्रेषक,

**संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

डॉ० राम कैलाश प्रसाद,
सिविल इंजीनियरिंग विभाग,
पूर्वोत्तर विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी संस्थान, निरजुली,
अरूणाचल प्रदेश–791109

**विषय –** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर योगदान के संबंध में।

प्रसंग – विभागीय अधिसूचना संख्या–3308 दिनांक–19.10.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–17 दिनांक–24.08.2022 द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–3308 दिनांक–19.10.2022 द्वारा आपको बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा के अधीन प्राचार्य राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया है। साथ हीं अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से 30 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से विभाग में योगदान देने का निदेश दिया गया है। पुनः विभागीय पत्रांक–3003 दिनांक–09.08.2023 द्वारा दिनांक–23.08.2023 तक प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के पद पर निश्चित रूप से योगदान ग्रहण करने हेतु आपसे अनुरोध किया गया। परन्तु आपके द्वारा अधिसूचित पद पर अबतक योगदान नही दिया गया है।

अतएव आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि दिनांक–10.02.2025 तक प्राचार्य के पद पर निश्चित रूप से योगदान ग्रहण करना सुनिश्चित किया जाय। दिनांक–10.02.2025 के पश्चात् आपके योगदान पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

विश्वासभाजन

5.2.25

**संयुक्त सचिव,**
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

अनंत / 17.01.25 / D:\DST-2025\JOINT SECRETARY_G MISHRA